प्रेस नोट

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर

एसकेआरएयू: अंतर विश्वविद्यालय खेलों हेतु कबड्डी टीम को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बीकानेर, 21 अक्टूबर। पश्चिमी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय की कबड्डी टीम को अटारी जोधपुर के पूर्व निदेशक डॉ एस.के.सिंह और कुलपति डॉ अरुण कुमार ने सोमवार को हरी झंडी दिखाकर विश्वविद्यालय परिसर से रवाना किया। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल में बेहतरीन प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण निदेशक डॉ निर्मल सिंह दहिया , वीसी के ओएसडी डॉ योगेश शर्मा , खेल सचिव डॉ वी.एस.आचार्य , श्री किशन सिंह, श्री नेमाराम समेत खिलाड़ी उपस्थित रहे।

निदेशक छात्र कल्याण डॉ निर्मल सिंह दहिया ने बताया कि पश्चिमी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी खेलों का आयोजन 19 से 24 अक्टूबर तक झुंझुनूं के जे.जे.टिबरेवाल विश्वविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इसमें हिस्सा लेने के लिए एसकेआरएयू की 12 सदस्यीय टीम को रवाना किया गया है। टीम के साथ मैनेजर के रूप में डॉ बी.एस.मिठारवाल साथ रहेंगे।